# प्रेस नोट

## साइबर थाना जनपद झाँसी

**दिनाँक- 26.08.2026**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा साइबर सम्बन्धी बढ़ते अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही।**
- **साइबर फ्रॉड से संबंधित ₹90,000/- की धनराशि साइबर थाना पुलिस द्वारा पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी,**

कृपया अवगत कराना है कि साइबर सम्बन्धी बढ़ते अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम, उ0प्र0, लखनऊ श्री विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम, जनपद झाँसी श्रीमती अरीबा नोमान एवं क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम, झाँसी श्रीमती असमा वकार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु आमजन, बच्चों एवं महिलाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ साइबर ठगी के मामलों में अभियोग पंजीकृत कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनाँक 26.08.2026 को साइबर सेल थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी पर साइबर शिकायत संख्या- 33107260161784 के संबंध में मु0अ0सं0- 339/2026 धारा 317(5)/66D आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। आवेदक श्री मनीष कुमार पुत्र स्व0 श्री मूलचन्द्र राय निवासी हंसारी, राय कालोनी, थाना प्रेमनगर, जनपद- झांसी के साथ दिनाँक 08.07.2026 को हुए साइबर फ्रॉड के संबंध में थाना प्रेमनगर साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड की कुल राशि 90,000/- रुपए को होल्ड करवाकर कोर्ट ऑर्डर के माध्यम से आवेदक को आज दिनांक 26.08.2026 को कुल धनराशि 90000/- धनराशि आवेदक मनीष कुमार उपरोक्त को वापस कराई गई

पीडित मनीष कुमार पुत्र स्व0 श्री मूलचन्द्र राय निवासी हंसारी, राय कालोनी, थाना प्रेमनगर, जनपद- झांसी द्वारा झाँसी पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया गया

**बरामद धनराशिः-**

₹90,000/- (पचास हजार रुपये)

**बरामदगी कराने वाली पुलिस टीमः-**

1. निऱीक्षक तुलसीराम पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर जनपद झांसी
2. उ0नि0 रविकान्त शुक्ल ,साइबर सेल प्रभारी थाना प्रेमनगर झांसी
3. म0का0 सपना कुमारी साइबर सेल थाना प्रेमनगर झांसी
4. रि0आ0 प्रिंस गौतम साइबर सेल थाना प्रेमनगर झांसी